# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**प्रेस–विज्ञप्ति** **दिनांक : 20.10.2011**

**बिलासपुरः** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में छात्र परिषद चुनाव की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। छात्र–छात्राओं में चुनावों को लेकर काफी उत्साह देखा गया है। चुनाव में उम्मीदवार छात्र–छात्राएं अपने प्रचार–प्रसार हेतु हैण्डमेड पोस्टर विश्वविद्यालय कैफेटेरिया में एवं निर्धारित स्थानों पर लगाए, साथ ही व्यक्तिगत संपर्क से भी चुनाव प्रचार किया। कल दिनांक 21.10.2011 को होने वाले मतदान के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी डा.प्रदीप शुक्ला के कार्यालय में पूरे दिन मतदान की तैयारियां चलती रहीं। आज मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। आज शाम को मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो.प्रदीप शुक्ला एवं टीम के सदस्यों ने मतदान स्थलों पर जाकर यह सुनिश्चित किया कि कल होने वाले मतदान हेतु सारी तैयारियां व्यवस्थित हो चुकी हैं।

विभिन्न संकायों हेतु निम्नानुसार बिल्डिंगों एवं कक्ष क्रमांकों में छात्र–छात्राएं अपने संकाय में मत डाल सकते हैं–

| **संकाय** | **बिल्डिंग** | **कक्ष संख्या** |
|---|---|---|
| कला | यू.टी.डी. विंग–ए | ए–04 |
| समाज विज्ञान | यू.टी.डी. विंग–ए | ए–12 |
| लाइफ साइंसेस | बायोटेक्नोलॉजी | यू.जी.सेक्शन कक्ष सं. 104 |
| नेचुरल रिसोर्सेस | रुरल टेक्नोलॉजी | 04 |
| फिजिकल साइंसेस | फिजिक्स बिल्डिंग | फिजिक्स लैब |
| मैनेजमेंट एवं कामर्स | मैनेजमेंट बिल्डिंग | रिसर्च स्कालर्स कक्ष |
| इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी | न्यू आई.टी. बिल्डिंग | जी–05,जी–10, जी–13,जी–14, एफ–3,एफ–10, एफ–12 |

**मीडिया प्रभारी**

प्रति,
संपादक,
.....................................
बिलासपुर(छ.ग.)